एक नजर

बैरागी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया सुंदरकांड पाठ के साथ सहभोज का आयोजन

लाबरिया । सरदारपुर विधानसभा के ग्राम बसलाई निवासी भाजपा के युवा नेता राजेश बैरागी का 9 दिसंबर को जन्मदिन था जिसको लेकर सुबह से शोषल मीडिया पर शुभचिंतकों द्वारा बधाई दी जा रही थी और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके निवास पर जन्मदिन मनाया और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के तमाम भाजपा नेता शामिल हुए खेड़ापति हनुमान जी का अभिषेक कर पूजन किया तत्पश्चात सहभोज का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेता राजेश अग्रवाल पूर्व राज्य मंत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा,मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा,आशीष जैन, महेंसिंग शक्तवात,लाखन सिंह नवासा ,कमल यादव ,संजय शर्मा ,जवाला सोलंकी, जितेंद गामड़,धर्मेंद मंडलोई,राजेन्द सिंह सलवा,हार्दिक तातेड़,देवीलाल श्रीकार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

एकदिवसीय शिविर का आयोजन

नागदा । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई/रेड रिबन क्लब शासकीय महाविद्यालय कानवन के द्वारा दिनांक 10 दिसंबर 2025 को एकदिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम नागदा में किया गया। प्राचार्य डॉ ईश्वर लाल ओसारी के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चौहान के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों में मानव अधिकारों के प्रति रैली एवं स्लोगन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा एवं निजी विद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में उपलब्ध पाठ्यक्रम करियर के अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधित जागरूकता का संदेश दिया एवं कॉलेज चलो सामुदायिक सहभागिता के तहत ग्राम पंचायत नागदा में सहायक सचिव कैलाश जी चौहान उप सरपंच रामेश्वर जी कुशवाह एवं वरिष्ठ नागरिक त्रिलोक जी शुक्ला एवं युवा संगठनों के साथ बैठकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र राणा ने किया। कालेज चलो अभियान प्रभारी डॉ बल्लू सिंह मुवेल , सुश्री पूजा सोलंकी, श्री अजय सोलंकी महाविद्यालय के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना वॉलंटियर ने सभा गीता की।

अ .भा . अग्रवाल परिचय सम्मेलन के लिए अग्रबंधुओं में जोश, घर-घर प्रचार जारी

धार। मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा धार द्वारा अग्रवाल समाज धार के सानिध्य में दो दिवसीय अखिल भारतीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन धार स्थित श्रद्धा,शगुन गार्डन में 10 एव 11 जनवरी को होगा। जिसको लेकर अग्रबन्धुओ, महिलाओ में भारी उत्साह देखा जा रहा है। परिचय सम्मेलन को लेकर गठित दल प्रतिदिन अलग-अलग जगह-जाकर अग्रबन्धुओ से परिचय सम्मेलन के लिए विवाह योग्य बालक एवं बालिकाओं की एंट्री प्राप्त कर सम्मेलन का प्रचार प्रसार कर रहे है। मंगलवार को परिचय सम्मेलन समिति का एक दल बगड़ी ,मानपुर, गुजरी, बरूफाटक होते हुए ओझर पहुंचा।

इस टूर में समिति के कोषाध्यक्ष मुरली अग्रवाल,परिचय सम्मेलन समिति के महाप्रबंधक पराग अग्रवाल, सदस्य अमित अग्रवाल तथा धार नगर के धानमंडी मोहल्ले में निमिष गोयल,लोकेश अग्रवाल,दीप्ति अग्रवाल,मधु अग्रवाल,नीलम अग्रवाल, ला?गली मोहल्ले में दीपक अग्रवाल,राजेन्द्र गोयल,शैलेन्द्र अग्रवाल,चंदा अग्रवाल,गायत्री अग्रवाल,सीमा अग्रवाल ने अग्रबन्धुओ के घर- घर जा कर प्रचार प्रसार किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अशोक मित्तल एवं श्याम मंगल लेब? ने दी।

डावर जयस संगठन के बाग ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त, इष्टमित्रों ने दी बधाई

बाग - जय आदिवासी शक्ति (जयस) संगठन के जिलाध्यक्ष सुनिल डावर ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर बाग ब्लाक अध्यक्ष के लिए सुमित डावर लालघाटी अखाड़ा को नियुक्ति किया । यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हिरालाल अलावा, मध्यप्रदेश जयस अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम, मध्यप्रदेश जयस कार्यकारी अध्यक्ष रविराज बघेल व धार जिला संरक्षक राजू मेहरा की अनुशंसा पर की गई। जयस संगठन के जिलाध्यक्ष सुनिल डावर के द्वारा की गई। डावर के बाग ब्लाक अध्यक्ष बनने से युवाओं मैं नया जोश भर गया । सुमित डावर को बधाई देने वालों का तांता लग गया । साथ ही संगठन के वरिष्ठों का आभार भी माना । इस दौरान नल नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष सुमित डावर ने अपने वरिष्ठों का आभार मानते हुए कहा की संगठन ने मुझे ओर मुझपर जो विश्वास कर के बड़ी जिम्मेदारी दी है तो मेरा भी प्रयास यही रहेगा की में हर पल इस पर खरा उतरने का प्रयास करुगा । इसके साथ ही हमें समाज को जोड़ना हे ओर समाज के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संगठन से जोड़कर समाज के हक अधिकार की लड़ाई लड़ना है ।

फोरलेन सर्विस रोड अतिक्रमण हटाने की चेतावनी, 22 दिसंबर को फिर समीक्षा

प्रशासन ने दिया ओवर ब्रिज का विकल्प जो पहले छूट गया था पुन: हो सकता है निर्माण

बदनावर चौपाटी क्षेत्र में बढ़ती यातायात अव्यवस्था को देखते हुए आज महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर, थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाहा, तहसीलदार सुरेश नागर, नगर पंचायत सीएमओ लाल सिंह चौहान, नगर परिषद प्रतिनिधि एवं नगर पंचायत अध्यक्ष शेखर यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष फुंदा बापू, पार्षद जितेंद्र शर्मा, फोरलेन विभाग के अधिकारी एवं प्रबंधक दिलीप सिंह, क्षेत्र के दुकानदार, व्यापारीगण तथा पत्रकार उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान बताया गया कि फोरलेन की सर्विस रोड लगभग पाँच मीटर चौड़ी है।, लेकिन उस पर बने अतिक्रमण के कारण चौपाटी पर लगातार जाम की स्थिति बन रही है। सुरक्षा के लिए लगाई गई रस्सी से पिछले तीन दिनों में कोई हादसा नहीं हुआ, जिसके बाद इसे हटाने का सुझाव सामने आया और ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए दो पुलिस जवानों की तैनाती की गई। एमपीआरडीसी को भी अपने कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।

मीटिंग में आंदोलनकारी कृष्णा पवार ने एमपीआरडीसी से पुल की गुणवत्ता को लेकर जवाब मांगा और संरचना से जुड़े प्रमाण उपलब्ध कराने की मांग की। महावीर पेट्रोल पंप पर अनधिकृत पार्किंग को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे तुरंत बंद करवाने की बात कही गई। वहीं, चौराहे पर अधूरा कोरियन कार्य और बंद येलो सिग्नल के कारण ट्रैफिक जोखिम बढ़ने पर भी चिंता जताई गई, जिस पर संबंधित कंपनी को जल्द सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

> अधिकारियों ने सभी अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर अवैध कब्जे स्वयं हटाए जाएँ, ।अन्यथा नगर पंचायत द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी और अतिक्रमण हटाने का शुल्क ?5000 भी प्रति दुकानदार से वसूला जाएगा। चौपाटी की ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने, संकेतक सक्रिय कराने और सड़क बाधाएँ दूर करने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने पर सहमति बनी। स्थिति की प्रगति की अगली समीक्षा बैठक 22 दिसंबर को की जाएगी, जिसमें किए गए काम, शेष समस्याएँ और आगे की योजना पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में दुकानदारों, व्यापारियों और पत्रकारों ने भी मार्ग को सुरक्षित और सुचारु बनाने के सुझाव रखे।

शैक्षणिक भ्रमण : गुजरात के ऐतिहासिक स्थानों के लिए रवाना

नागदा । सांदीपनि शा.उ.मा.वि. नगदा के कक्षा 10वीं में बालक वर्ग में प्रथम रहे छात्र मोहित प्रजापत एवं बालिका वर्ग में प्रथम रही छात्रा हर्षिता सांखला 8 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु गुजरात राज्य के विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों में भ्रमण के लिए रवाना ।

इस अवसर पर प्राचार्य श्री धर्मेंद्र जाट एवं संस्था के शिक्षक श्री मुकेश मकवाना विद्यार्थियों को समीप रेलवे स्टेशन उज्जैन तक पहचाने गए जहां मध्य प्रदेश के सभी जिलों के विद्यार्थियों का विशेष ट्रेन द्वारा गुजरात के लिए रवाना किया गया. इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त कर विद्यार्थियों को बधाई दी.

उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक सांदीपनि विद्यालय से कक्षा 11वीं में अध्यनरत ऐसे एक छात्र और एक छात्रा को भ्रमण हेतु चयन किया गया है जिन्होंने कक्षा दसवीं में अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए गए हैं. दल मे संपूर्ण प्रदेश से 546 विद्यार्थी अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित है. दल के सदस्य आईआरसीटीसी द्वारा निर्धारित भारत गौरव स्पेशल ट्रेन द्वारा आठ दिनों में गुजरात के प्रमुख दर्शनीय एवं महत्वपूर्ण स्थान जैसे - सोमनाथ मंदिर, स्टैचू ऑफ यूनिटी, आईआईएम अहमदाबाद, आईआईटी गांधीनगर, इसरो रिसर्च सेंटर, अमूल दूध डेयरी, गांधी आश्रम आदि का भ्रमण करेंगे.

तहसील बदनावर में बाहरी व्यक्तियों द्वारा कार्य कराने पर विवाद, कर्मचारी संघ ने लगाए आरोप

बदनावर । मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने बदनावर तहसील कार्यालय में एक बाहरी व्यक्ति द्वारा अनधिकृत रूप से सरकारी कामकाज संचालित किए जाने को लेकर जिला कलेक्टर धार को गंभीर शिकायत पत्र सौंपा है। संघ ने आरोप लगाया कि यूसुफ कुरैशी नामक व्यक्ति न तो किसी सरकारी सेवा में नियुक्त है और न ही शासन द्वारा अधिकृत, फिर भी वह तहसील कार्यालय में न्यायालयीन एवं शासकीय कार्य वर्षों से कर रहा है।

शिकायत में कहा गया कि उक्त व्यक्ति वादि , प्रतिवादी को सूचना पत्र जारी करने, सीमांकन आदेश बनाने, अभिलेखों का संधारण, पत्राचार करना आदि शासकीय संवेदनशील सरकारी तहसील कार्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा है, जबकि ऐसा करना पूर्णत: नियम विरुद्ध है। संघ का कहना है कि एक बाहरी आम नागरिक का कार्यालयीन कार्यों में दखल देना गोपनीयता और प्रक्रिया की शुचिता को प्रभावित करता है, जिससे आम नागरिकों को भ्रमित होना पड़ रहा है।

कर्मचारी संघ ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि इस अनियमितता की तत्काल जांच कराई जाए और यूसुफ कुरैशी को तहसील कार्यालय परिसर से तुरंत हटाया जाए, ताकि कार्यालयीन कार्यवाही नियमों के अनुसार संचालित हो सके। संघ ने स्पष्ट किया कि ऐसे अनधिकृत कार्य से आमजन और कर्मचारियों दोनों के हित प्रभावित हो रहे हैं।संघ ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र कार्रवाई करेगा, जिससे शासकीय कार्यों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे। पत्र लिखते समय तहसील अध्यक्ष प्रजापाल सिंह चौहान, सचिव सूर्यभान सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष अभिषेक गौर, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,आदि संघ पदाधिकारी ने हटाने की मांग की है.

धार में केट की स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का स्वागत

धार . सीएआईटी के इंदौर संभाग अध्यक्ष एव प्रदेश उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी ने बताया कि अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ CAIT द्वारा पूरे भारत में चलाई जा रही स्वदेशी रथ यात्रा म.प्र. में घूम कर मंगलवार को धार में मोती बाग चौक पर आई इस रथ यात्रा को तिरंगा झंडा लहराते हुए वरिष्ठ थोक व्यापारी श्यामजी अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी उपभोक्ता महावीर पावेचा ने रथ यात्रा को प्रारम्भ किया यात्रा मोती बाग चौक से राजवा?ा में केट के जिलाध्यक्ष बबनलाल जी अग्रवाल की दुकान वी शक्ति रेडीमेड स्टोर्स पर भव्य स्वागत केट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी का किया गया यात्रा में नुक्कड़ सभा करते हुए दोनों अतिथियों ने स्वदेशी अपनाओ देश को आगे ब?ाओ का नारा देते हुए कई सन्देश दिए यात्रा में तिरंगा झंडा लहराते हुए पैदल संघ व वाहन रैली के साथ चलती हुई बोहरा बाखल पर वोहरा समाज व अग्रवाल परिचय कार्यालय पर भी सतीश जी अग्रवाल, राजेन्द्र मोदी, किका भाई ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया धानमण्डी चौराहे पर प्रवीण गुप्ता, अशोक कासलीवाल, गोपाल राठी, टेक्स बार इंदौर धार सदस्य रवि माहेश्वरी ने स्वागत किया व कवि नन्द किशोर उपाध्याय ने भी स्वदेशी पर अपनी बहुत ही सुंदर शब्दो मे कविता पाठ कर स्वदेशी से देश को ओर आगे ब?ाने संदेश दिया,यात्रा का अंतिम प?ाव मोहन टॉकीज चौराहे पर केट के पदाधिकारी व स्वदेशी जागरण मंच के मिलन पाल एवं कालीचरण सोनवनिया एवं नरेंद्र मोदी विचार मंच के राजा भाऊ भदाने, पेंशन संघ के हरजित सिंग होरा , माता मंदिर पुजारी अनिल जी उपाध्याय, अमृतवाणी मित्रमंडल के डी. के उपाध्याय, सत्यनारायण जी शर्मा, खेरची व्यापारी संघ के प्रवीण टांक, मिठाई संघ के नारायण जोशी पराग, ओ.पी. अग्रवाल (शिकंजी वाले) , कृषि बीज संघ के रमेश जोशी नटराज, मशीनरी समान संघ के राधेश्याम गोयल, आदि कई व्यापारीक संघठन , पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जे.पी सिंग ने किया आभार सागर जोशी ने माना .

संघ का गृह संपर्क अभियान प्रगति पर

बदनावर राष्ट्रीयस्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में विवेकानंद बस्ती में गृह संपर्क का कार्यक्रम निरंतर किया जा रहा है ।गृह संपर्क में स्वयंसेवक टोली बनाकर घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं हर घर जाकर संघ संदेश के स्टीकर चिपका कर साथ ही भारत माता का चित्र और पत्रक भेंट कर रहे हैं । जैसे ही स्वयंसेवक घर-घर पहुंचते हैं उत्सुकता से सनातन धर्म प्रेमी उनका स्वागत करते हैं और हिंदू संगम के तैयारी के लिए जोश का संचार करते है। संघ की शताब्दी वर्ष की पुस्तिका भी स शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें संघ के 100वर्ष के कार्यों का विवरण है यह कार्य स्वयंसेवक बहुत उत्साह से कार्य रहे हैं इस कड़ी में विवेकानंद बस्ती में सोमवार सुबह इंदिरा कॉलोनी में घर-घर जाकर ग्रह संपर्क किया गया साथ ही आगामी होने वाले हिंदू संगम का भी न्योता दिया गया.

एक नजर विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश द्वारा जागरूकता का आयोजन

साक्षरता शिविर में विभिन्न महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर जागरूक किया

धार. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धार के तत्वावधान में आज सांदीपनि शासकीय नंदराम चौपड़ा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदनावर में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर के उपलक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण जिला धार के सचिव माननीय प्रदीप कुमार सोनी न्यायाधीश महोदय ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर जागरूक किया। शिविर के शुभारंभ में न्यायाधीश महोदय एवं आपके साथ जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला धार श्री सीमोन सुलिया , श्री जयेश राजपुरोहित मानव अधिकार एक्टिविस्ट (पीएलवी) का स्वागत संस्था प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख ने स्वागत उद्बोधन से सभी का स्वागत किया। कार्यशाला को जयेश राजपुरोहित ने संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से जागरूक बनने एवं साइबर क्राइम से बचने का आह्वान किया।

न्यायाधीश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि—

पास्को एक्ट बच्चों से संबंधित यौन अपराध अत्यंत गंभीर अपराध हैं। प्रत्येक बच्चे की सुरक्षा के लिए यह कानून बनाया गया है। किसी भी प्रकार का दुराचार, छेड़छाड़, अश्लील हरकत, ऑनलाइन शोषण आदि पर कठोर दंड का प्रावधान है। ऐसे मामलों में बच्चों की पहचान गोपनीय रखी जाती है और त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाता है।न्यायाधीश ने बच्चों को ‘गुड टच-बैड टच’ के बारे में बताया तथा किसी भी अनैतिक हरकत की तुरंत शिकायत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, माता-पिता या शिक्षक से करने की सलाह दी। सड़क दुर्घटनाओं पर सचेत करते हुए।

न्यायाधीश ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य उपयोग, ट्रैफिक नियमों का पालन और मोबाइल के उपयोग से बचने की सलाह दी। संविधान हमें अनेक मौलिक अधिकार देता है—परंतु इनके साथ नागरिक कर्तव्य भी जुड़े हैं जैसे कानून का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, साम्प्रदायिक सौहार्द, और राष्ट्र के विकास में सहभागिता रखे।

कार्यक्रम के अंत में जन-सामान्य को विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और यह आश्वासन दिया गया कि किसी भी विधिक समस्या में मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध है। माननीय न्यायधीश महोदय ने शिक्षकों से भी चर्चा की उनके अध्यापन की जानकारी बच्चों के गृह कार्यों की कॉपी की जानकारी , परीक्षा परिणाम,प्रोजेक्ट कार्यों को भी देखा और सराहा। माननीय न्यायाधीश ने बच्चों से प्रश्न किए और उन पर सुझाव भी आमंत्रित चाहे।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी उपस्थित से अपील की कि समाज में बच्चों की सुरक्षा, मानव अधिकार संरक्षण और कानून के पालन में सक्रिय सहयोग दें।